UNI
BREVITY ACCURACY SPEED
यूनीवार्ता
भारत की अग्रणी संवाद समिति
Thursday, Oct 10 2024 |

ड्रोन ट्रेनिंग सेंटर व सेल्स काउंटर का देहरादून में शुभारंभ

देहरादून, 09 अक्टूबर (वार्ता) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान (आईआईएसडब्ल्यूसी) देहरादून के अनुसंधान फार्म, सेलाकुई में बुधवार को आईसीएआर के उप महानिदेशक, प्राकृतिक संस्थान प्रबंधन, डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र और सूचना एवं बिक्री काउंटर का उद्घाटन किया।

डॉ. सुरेश ने अपने उद्घाटन भाषण में कृषि में क्रांति लाने, रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में ड्रोन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ड्रोन के उपयोग से ऊबड़-खाबड़ इलाके, जनशक्ति की कमी और संसाधनों के प्रभावी उपयोग की समस्याओं का समाधान हो सकता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ महेंद्र कुमार वर्मा, निदेशक, आईसीएआर-सीआईटीएच, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) ने ड्रोन प्रशिक्षण की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए कहा कि इससे हिमालयी राज्यों के लोगों की प्रशिक्षण की जरूरत पूरा होगी। उन्होंने बिक्री सह सूचना केंद्र के बारे में बताया कि इससे सीआईटीएच सहित अन्य आईसीएआर संस्थान के पास उपलब्ध उपज और जानकारी प्राप्त हो सकेगी।